**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.05.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए प्रचार थमा–26 मई को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना।
- भाजपा का आरोप–नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों को हाईजैक करने का प्रयास कर रही कांग्रेस सरकार।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ईंधन संरक्षण व नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया बल।

और

- भाजपा ने 28 पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों से किया मुक्त– ज़िला परिषद चुनावों में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने पर हुई कार्रवाई।

------------

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज थम गया है। प्रचार थमने के बाद अब उम्मीदवार केवल घर–घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। पहले चरण में प्रदेश में एक हजार दो सौ 93 ग्राम पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 28 मई जबकि तीसरे चरण में 30 मई को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन चुनावों के लिए प्रदेशभर में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान के सुचारू संचालन के लिए कुल 8 हजार एक सौ 98 मतदान दल गठित किए गए हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो चुके हैं और आज ही वे अपने केंद्रों में पहुंच जाएंगे। आयोग ने सभी मतदाताओं से स्वतंत्र और निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की है। आयोग ने ये भी स्पष्ट किया है कि केवल वही मतदाता मतदान केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे जिनका नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में शामिल होगा।

## मतदान दल

प्रदेशभर में मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। इस बीच पहले चरण के मतदान के लिए चंबा ज़िले की

एक सौ 18, ऊना ज़िले की 86, हमीरपुर ज़िले में 83, कुल्लू ज़िले में 84 जबकि लाहौल स्पीति ज़िले में 12 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा पहले चरण में बिलासपुर ज़िले की 62 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा।

**पांगी–चुनाव**

चम्बा ज़िले के जनजातीय पांगी उपमंडल की 19 पंचायतों में 26 और 28 मई को मतदान होना है। इन चुनावों के लिए पांगी के आवासीय आयुक्त अमनदीप सिंह ने पोलिंग टीमों को चुनाव सामग्री के साथ आज संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। पांगी उपमंडल में कुल 52 पोलिंग टीमें विभिन्न मतदान केन्द्रों के लिए भेजी गई हैं, जबकि 10 टीमों को रिजर्व में रखा गया है। आवासीय आयुक्त ने मतदान दलों को आपसी समन्वय ओर जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**इस्तीफा**

लाहौल–स्पीति ज़िले में पंचायत चुनाव से ठीक पहले भाजपा के 71 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार इस्तीफे का मुख्य कारण कार्यकर्ताओं की अनदेखी सहित ज़िला भाजपा अध्यक्ष की कार्यप्रणाली को माना जा रहा है।

**आरोप**

प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार नगर पंचायत व पंचायती राज चुनावों को हाईजैक करने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने कहा है कि प्रशासनिक व राजनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से जनादेश को प्रभावित करने की कोशिशें की जा रही हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान की भावनाओं के विरूद्ध है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा कल 25 मई को शिमला स्थित लोकभवन में राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपेगी। पार्टी नेताओं के अनुसार आदर्श आचार संहिता के दौरान हुई मंत्रिमंडल बैठक और चुनाव प्रभावित करने वाले फैसलों पर भी सवाल उठाए जाएंगे।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से राज्य में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हैं। वे आज हमीरपुर ज़िले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ज़िला परिषद वार्डों से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचार के दौरान मिल रहे जनसमर्थन से ये स्पष्ट है कि पूरे हमीरपुर ज़िले में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त लहर चल रही है। सिकंदर कुमार ने कहा कि कांग्रेस की नाकामियों और जनविरोधी रवैये के खिलाफ लोगों में भारी रोष है जिसका नतीजा चुनावों में साफ दिखेगा।

## राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ईंधन संरक्षण व नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में एक निजी रेडियो चैनल द्वारा आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर है और इस यात्रा में मीडिया, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों सहित युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि छोटे–छोटे व्यक्तिगत प्रयास पर्यावरण संरक्षण और देश की ऊर्जा सुरक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। राज्यपाल ने युवाओं में बढ़ते नशे प्रचलन पर चिंता जताते हुए इसे समाज और नैतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि मीडिया नशा मुक्ति अभियान में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है।

## निष्कासन

प्रदेश भाजपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल 28 पदाधिकारियों को संगठनात्मक दायित्वों से मुक्त कर दिया है। ये कार्रवाई ज़िला परिषद चुनावों में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने पर की गई है। भाजपा द्वारा जारी एक ब्यान में कहा गया है कि पार्टी में अनुशासन बनाए रखने और कार्यकर्ताओं में स्पष्ट संदेश देने के उद्देश्य से ये कार्रवाई की गई है। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संगठन की विचारधारा, अनुशासन व अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में कार्य करने का आहवान किया है।

## टीकाकरण

स्वास्थ्य विभाग ने ह्यूमन पैपीलोमा वायरस टीकाकरण अभियान के तहत आज बिलासपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 41 बेटियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि अभियान के अगले चरण के तहत 31 मई को भी बिलासपुर ज़िले के 30 चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर लगाए जाएंगे, ताकि छूटी हुई पात्र बालिकाओं को टीकाकरण का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि ये टीकाकरण बेटियों को भविष्य में सर्विकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। हमीरपुर ज़िले में भी 20 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया।

## रक्तदान

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा नाहन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज विवेक कालिया ने बताया कि मानवता के कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से मिशन द्वारा समय–समय पर इस तरह के रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं।

## अवार्ड

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर को एक बार फिर प्रतिष्ठित संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें ये सम्मान उनकी अध्यक्षता वाली कोयला, स्टील व खान संसदीय स्थायी समिति के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। अनुराग ठाकुर को वर्ष 2019 में भी लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## परीक्षाएं

भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाएं 18 जून से 27 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन शिमला स्थित राजकीय महाविद्यालय संजौली में किया जाएगा। परीक्षा की संशोधित समय सारणी डॉक्टर मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान की वैबसाईट पर उपलब्ध है।

———————————————